# नागपुर में 10 वे 'ॲग्रोव्हिजन' का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

## 23 से 26 नवम्बर में नागपुर के रेशमबाग मैदान में आयोजित किया गया है

नागपुर। मध्य भारत में सबसे बड़ी कृषि प्रदर्शनी, जो विदर्भ में कृषि परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और किसानों के विकास के लिए राजमार्ग है। यह कृषि प्रदर्शन 23 से 26 नवम्बर में नागपुर के रेशमबाग मैदान में आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है और वे यहां 1.5 लाख किसानों को मार्गदर्शन करेंगे, ऐसी जानकारी केंद्रीय परिवहन और नौवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र परिषद् में दी।

गडकरी ने कहा, इस साल के अग्रोव्हीजन का यह 10 वां साल है। इस समय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री और असम के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। अग्रोव्हीजन में उत्पादन प्रौद्योगिकी, खेती, कनेक्टिविटी




व्यवसाय, परिष्कृत तकनीक, बाजार सुविधाओं पर कार्यशाला होगी। डेयरी, बांस की खेती, वाणिज्यिक अवसरों और गन्ना उत्पादन पर एक दिवसीय सम्मेलन होगा।

भारत में कृषि उत्पादों की पेशकश करने वाली कई बड़ी कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी विभागों, विभिन्न राज्य और कृषि विश्वविद्यालय प्रदर्शनी में अपनी तकनीक पेश करेंगे। साथ ही पशु प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। तीन उत्कृष्ट जानवरों को सम्मानित किया जाएगा। पशुपालन और डेयरी से संबंधित विषयों प मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। छात्रों के लिए कृषि मंथन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इनोवेशन और स्टार्टअप की प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। राज्य स्तर पर सर्वोत्तम और उचित शोध का चयन करके इसे वाणिज्यिक अभिसरण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। गडकरी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में विदर्भ के कृषि क्षेत्र में किसानों के उत्कृष्ट योगदान के लिए 'अग्रोव्हीजन' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इस समय सांसद कृपाल तुमाने, विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी, अग्रोव्हीजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ सी. दी. मायी, गिरीश गांधी, रवि बोरटकर, रमेश मानकर, पूर्व सांसद आशीष जैस्वाल इत्यादि मौजूद थे।